पायनियर
लखनऊ, रविवार, 24 अप्रैल, 2022

# एमडी कुमार केशव को राज्यपाल ने किया सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपीएमआरसी के एमडी कुमार केशव को आईआईटी रुड़की के 175वें वर्ष समारोह में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। आईआईटी रुड़की ने अपने दो दिवसीय कार्यक्रम उल्लास में पूरे देश से पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप्र की राज्यपाल रहीं। आईआईटी रुड़की तत्कालीन रुड़की समाज के विकास में तकनीकी शिक्षा और योगदान देने के 175 वां वर्ष (1847-2022) मना रहा है। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया है। ग्लोबल थॉमसो 175 की विरासत के तहत मान्यता प्राप्त, आईआईटी रुड़की ने अपने दो दिवसीय कार्यक्रम उल्लास में पूरे देश से पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आनंदी बेन पटेल थीं। कुमार केशव, एमडीए यूपीएमआरसी प्रतिष्ठित आईआईटी रुड़की 1982 बैच के पूर्व छात्रों में से एक होने के नाते उन्हें इस अवसर पर आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व छात्र संघ के सचिव के दीप प्रज्जवलन, पुष्प प्रस्तुति और स्वागत भाषण से हुई। आईआईटी रुड़की के अध्यक्ष के भाषण और स्मारिका के उद्घाटन के बाद आईआईटी रुड़की के विशिष्ट पूर्व छात्रों को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के लोगों को मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम प्रदान करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्यपाल द्वारा कुमार केशव को भी सम्मानित किया गया।

आज

लखनऊ, 24 अप्रैल, 2022



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आईआईटी रुड़की विश्वविद्यालय की स्थापना समारोह का दीप जलाकर शुभारम्भ करती राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

# केजी से लेकर पीजी तक पढ़ें सभी बेटी-राज्यपाल

लखनऊ। आईआईटी रुड़की के 175वें स्थापना वर्ष के मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि देश की सभी बेटियों को केजी से लेकर पीजी तक पढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले 10 से 15 सालों में महिलाएं हर मामलों में पुरुषों से आगे जा सकती हैं। बस जरूरत है तो उन्हें पढ़ाई के समुचित अवसर देने की। उन्होंने कहा कि पीएम कहते हैं समाज में 50 फीसदी महिला शक्ति देश के विकास में काम नहीं आएगी, तो विकास नहीं हो सकता। यही कारण है कि अब एक भी बेटी ऐसी नहीं होनी चाहिए, जो केजी से लेकर पीजी तक अपनी पढ़ाई न पूरी कर सके। उन्होंने बाल विवाह पर भी पूरी तरह से रोक लगने की बात कही और दहेज प्रथा को खुद के संकल्प से हटाने पर जोर दिया। शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आईआईटी रुड़की एलुमिनाई एसोसिएशन के लखनऊ चैप्टर की ओर से 175वां स्थापना वर्ष पर समारोह उल्लास का शुभारंभ किया गया। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ चौप्टर की ऑफिशियल वेबसाइट का भी विमोचन किया। राज्यपाल ने कहा कि हर किसी को शिक्षा के क्षेत्र में फ्रोकस करना होगा। बाल विवाह की यूपी में बहुत समस्या है। यह गंभीर बात है कि पुलिस भी हाथ पर हाथ धरे रहती है। पुलिस को इसके लिए सक्रिय होना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने दहेज के खिलाफ सामाजिक चेतना जागृत करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि यूपी के जेलों में बंद 90 फीसदी महिलाएं दहेज के मामलों में बंद हैं। उनकी स्थिति जेल के अंदर बदतर है। उनके साथ उनके बच्चे भी जेल में हैं। यही कारण है कि खुद के संकल्प से दहेज से दूरी बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैंने यूपी सीएम से 60 साल से ज्यादा उम्र की जेल में बंद महिलाओं रिहा करने को कहा है। राज्यपाल ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों से व्यक्तिगत स्तर पर आंगनबाड़ी में कम से कम 50 हजार रुपए दान दिए जाने की बात कही। इस मौके पर इंजी डीपी जैन, प्रो. एससी सक्सेना, कुमार केशव, विशंभर, आदित्य गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल का सम्मान किया गया।

# आईआईटी रुड़की की ग्लोबल मीट आज से

लखनऊ। आईआईटी रुड़की विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के 175 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मना रहा है। इस उत्सव की शुरुआत के लिए आईआईटी रुड़की एलुमनी एसोसिएशन लखनऊ चैप्टर शनिवार से दो दिवसीय ग्लोबल मीट कार्यक्रम 'उलास ग्लोबल थॉमसो 175' का आयोजन कर रहा है। जिसका शुभारंभ राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल करेंगी।

# 175 वर्ष पूरे होने पर लखनऊ में उत्सव



■ एनबीटी, लखनऊ : आईआईटी रुड़की विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के 175 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मना रहा है। आईआईटी रुड़की एलुमनी असोसिएशन लखनऊ चैप्टर इस मौके पर शनिवार से दो दिवसीय ग्लोबल मीट कार्यक्रम 'उल्लास ग्लोबल थॉमसो 175' का आयोजन कर रहा है। असोसिएशन के अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय बताते हैं कि गोमतीनगर के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने जा रहे इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल रहेंगे। वहीं असोसिएशन के अजय श्रीवास्तव और राजेश अग्रवाल ने बताया कि उत्सव में आईआईटी रुड़की की 175 साल की यात्रा को भी दिखाया जाएगा।

# Global meet by IIT-Roorkee alumni today

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Governor Anandiben Patel, deputy chief ministers Keshav Prasad Maurya and Brajesh Pathak, mayor Sanyukta Bhatia along with hundreds of IITians will attend the two-day global meet of IIT Roorkee being organized by Lucknow chapter of IIT Roorkee Alumni Association on Saturday and Sunday.



Titled, 'Ullas Global Thomso 175', the meet will mark the commencement of celebrations of IIT Roorkee's 175 years of establishment.

The event will be held at Indira Gandhi Pratishthan in Lucknow, said Anuj Varshney, president IIT Roorkee Alumni Association, Lucknow chapter.

"There will be two brainstorming sessions. While the first session will be on 'use of drones and robotics technology in social life', the second session will be on 'ushering life to 22nd century.

{ CELEBRATING 175 YEARS OF EXISTENCE }

# Governor to inaugurate two-day global meet of IIT Roorkee today

**HT Correspondent**
letters@htlive.com

**LUCKNOW :** A two-day global meet "Ullas Global Thomso 175" to mark 175 years of establishment of IIT Roorkee will be inaugurated by UP governor Anandiben Patel in state capital on Saturday.

"Governor Anandiben Patel, deputy CM Keshav Prasad Maurya, deputy CM Brijesh Pathak and mayor Sanyukta Bhatiya along with IITians across the country will be a part of these celebrations," said Anuj Varshneya, president of Lucknow chapter of IIT Roorkee Alumni Association in a press conference on Friday.

The programme will be organised at Indira Gandhi Pratishthan.

Anuj said "There will be two brain storming sessions. The first one on use of drones and robotics technology in social life whereas the next session shall be on ushering life to 22nd century. The purpose of both the sessions will be to discuss the existing infrastructure and the futuristic approach towards the same for the benefit of society."

He said a theme pavilion is also being created to show case the journey of 175 years of IIT Roorkee which will also house the hall of fame.

For those coming to attend the meet there will be a city outing in electric buses that have recently been launched in the state capital and also a cultural evening has been organised where members will present their hidden talent, said Chandrashekhar Verma.

Secretary of the association Ajay Stivastava and cultural secretary Rajesh Agarwal said the valedictory session will take place on Sunday. The meet will see the presence of renowned and veteran engineers and architects of IIT Roorkee.

# आईआईटी रुड़की विवि की ग्लोबल मीट आज से



**लखनऊ।** आईआईटी रुड़की विश्वविद्यालय के 175वें वर्ष समारोह के अवसर पर आईआईटी रुड़की के एल्युमिनाई एसोसिएशन लखनऊ चैप्टर की ओर से शनिवार से दो दिवसीय ग्लोबल मीट कार्यक्रम 'उल्लास ग्लोबल थॉमसो 175' का आयोजन किया जा रहा है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पहले दिन कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। इस संबंध में हजरतगंज स्थित एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में आईआईटी रुड़की एल्युमिनाई एसोसिएशन लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने बताया कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर संयुक्ता भाटिया सहित देश भर के आईआईटीयन इस उत्सव का हिस्सा होंगे। दो दिनों के सत्र में सामाजिक जीवन में ड्रोन और रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी के उपयोग व जीवन की 22वीं सदी विषय पर व्याख्यान होंगे। दोनों सत्रों का उद्देश्य मौजूदा बुनियादी ढांचे और जनता के लाभ के लिए भविष्य के दृष्टिकोण पर चर्चा करना है। इसके अलावा आईआईटी रुड़की की 175 साल की यात्रा को दिखाने के लिए एक थीम पवेलियन भी बनाया जाएगा, जिसमें हॉल ऑफ फेम के अंतर्गत प्रसिद्ध आईआईटीयंस की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। दूसरे दिन सत्र की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे और मेयर संयुक्ता भाटिया विशिष्ट अतिथि होंगी। प्रेसवार्ता में लखनऊ चैप्टर के सचिव अजय श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव राजेश अग्रवाल समेत कई पूर्व छात्र उपस्थित रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

मंगलवार • 19.04.2022
lucknow.amarujala.com

# स्थापना के 175 साल पर सम्मेलन 23 से

लखनऊ। रुड़की विवि अपने स्थापना के 175 वर्ष पूरे होने पर साल भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस क्रम में आईआईटी रुड़की एलुमनी एसोसिएशन लखनऊ चैप्टर द्वारा पहला कार्यक्रम लखनऊ में किया जाएगा। इसके तहत 23-24 अप्रैल को पहला वैश्विक सम्मेलन होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

THE TIMES OF INDIA, LUCKNOW
TUESDAY, APRIL 19, 2022



# IIT-Roorkee to celebrate its 175 anniv

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The University of Roorkee, now the Indian Institute of Technology, is celebrating 175 years of its existence in 2021-2022. Yearlong celebrations have been planned by the Lucknow chapter of alumni association to mark the anniversary, which will start from Lucknow, a release said. Alumni from the country and abroad are likely to get together on April 23-24 at Indira Gandhi Pratishthanfor the programme, which will be inaugurated by Governor Anandiben Patel and will be attended by dyCMs Brajesh Pathak and Keshav Prasad Maurya.

For this first global convention of IIT Roorkee, engineers shall participate and deliberate over technical issues of national interest. It shall also give an opportunity to show the unprecedented development of UP to the delegates. The Lucknow chapter is taking initiatives like signing an agreement with a Singapore-based firm for career counselling of students, among others.

IV दैनिक जागरण लखनऊ, 19 अप्रैल, 2022

# आइआइटी रुड़की के 175 वर्ष के स्वर्णिम सफर पर होगा महोत्सव

- वर्षभर होंगे आयोजन, 23-24 को लखनऊ में होगा वैश्विक सम्मेलन
- राज्यपाल आनंदीबेन होंगी इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के साथ ही रुड़की विश्वविद्यालय 2021-22 में अपने अस्तित्व के 175 वर्ष पूरे कर रहा है। इस कड़ी में पहला कार्यक्रम आइआइटी रुड़की एलुमिनाई एसोसिएशन, लखनऊ चैप्टर द्वारा पहला वैश्विक सम्मेलन 23-24 अप्रैल को लखनऊ में होगा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के इंजीनियर शामिल होंगे और राष्ट्रीय हित के तकनीकी मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी।

मीडिया समन्वयक वासवी वर्मा ने बताया कि वर्ष भर चलने वाले आयोजनों के माध्यम से लोगों को इस संस्था के इतिहास से परिचित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि लखनऊ चैप्टर इस आयोजन के दौरान विद्यार्थियों के करियर परामर्श के लिए सिंगापुर स्थित कंपनी के साथ समझौता किया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं को प्रसिद्ध हस्तियों के साथ विचार-विमर्श का मौका देने के लिए टाक शो, वरिष्ठ पूर्व छात्रों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, जरूरतमंद लोगों के लाभ के लिए सामाजिक सेवाओं के आयोजन, और कौशल विकास के लिए छात्रों को प्रेरित और मार्गदर्शन करने के लिए भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**एक नजर विश्वविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास पर :** रुड़की विश्वविद्यालय (अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) की शुरुआत 1847 में इंजीनियरिंग कालेज के रूप में हुई थी। 1854 में इसका नाम थामसन कालेज आफ इंजीनियरिंग में बदल गया। वर्ष 1949 में भारत के पहले तकनीकी विश्वविद्यालय में परिवर्तित हो गया।

नगर और प्रदेश की अन्य खबरें पढ़ें www.jagran.com/state/uttar-pradesh पर